an>

Title: Need to provide rail services between Mundeshwari Dham (Bihar) and Dildarnagar (Uttar Pradesh) and on Pahleja-Rohtas-Nauhatta-Robertsganj section.

श्री छेदी पासवान (सासाराम) ः दिलदार नगर जंक्शन (उत्तर प्रदेश) से मुण्डेश्वरी धाम (कैमूर) बिहार तक रेल पथ का निर्माण लम्बे समय से प्रस्तावित है तथा बिहार के पहलेजा से तिलौथू, रोहतास तथा नौहट्टा होते हुए रोबर्ट्गंज (उत्तर प्रदेश) का क्षेत्र अत्यन्त पिछड़ा, नक्सल प्रभावित एवं बड़ी जनसंख्या से आच्छादित है। परन्तु अभी तक इन दोनों योजनाओं के निर्माण हेतु रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है।

मुण्डेश्वरी धाम बिहार राज्य में मेरे संसदीय क्षेत्र के कैमूर जिला अन्तर्गत अवस्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ है और पहलेजा से तिलौथू, रोहतास एवं नौहट्टा होते हुए रोबर्ट्गंज (उत्तर प्रदेश) का क्षेत्र अत्यन्त पिछड़ा, नक्सल प्रभावित एवं बड़ी जनसंख्या से आच्छादित है। इन क्षेत्रों में रेल मार्ग का विस्तार होने से क्षेत्र का तीव्र सामाजिक एवं आर्थिक विकास होगा। इस निर्माण कार्य से प्रभावी संपर्क रेल मार्ग के माध्यम से बड़ी आबादी की चिर-प्रतीक्षित अभिलाÂ◌ा◌ा एवं आवागमन, व्यापार, स्वास्थ्य तथा शिक्षा इत्यादि सुविधाओं से संबंधित लोगों की बुनयादी जरूरतें पूरी होंगी।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि भारत के पिछड़े एवं अभावग्रस्त आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के विकास हेतु रेल मंत्रालय को निर्देशित करने की कृपा की जाए।